राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल सोमवार को जोबनेर जायेंगे

जयपुर, 10 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र सोमवार को प्रातः 10.30 बजे जयपुर से सड़क मार्ग द्वारा जोबनेर जायेंगे। श्री मिश्र जोबनेर में श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय में प्रातः 11.30 बजे उद्यमिता विकास एवं किसानों के सशक्तिकरण के लिए जैविक खाद उत्पादन एवं बायोगैस तकनीक में नवीनतम प्रगति हेतु 21 दिवसीय शीतकालीन प्रशिक्षण का शुभारंभ करेंगे।

श्री मिश्र विश्वविद्यालय में सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। राज्यपाल विश्वविद्यालय में निर्मित गिर गाय संवर्धन एवं संरक्षण केन्द्र और वर्षा जल संचयन संरचना का अवलोकन करेंगे। राज्यपाल विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी करेंगे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क),
राज्यपाल, राजस्थान